सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 257 | इंदौर, शुक्रवार 03 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म, देर रात जारी हुआ आदेश

### सीट रिक्त घोषित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। देर रात विधानसभा सचिवालय की ओर से आदेश जारी किए गए, जिसके बाद दतिया सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। नई दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने 2 अप्रैल 2026 को एक मामले में राजेंद्र भारती को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। इसी आधार पर उनकी सदस्यता समाप्त की गई। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा देर रात विधानसभा पहुंचे और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी किए गए। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके साथ ही सीट रिक्त होने की सूचना चुनाव आयोग को भेजी जा रही है। बता दें राजेंद्र भारती ने 2023 विधानसभा चुनाव में शिवराज सरकार में नंबर दो और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को चुनाव हराया था। मिश्रा दतिया से लगातार तीन बार विधायक थे। उनको भारती ने 8800 वोट से चुनाव में हराया था।

**कानूनी प्रावधान क्या कहते हैं-** जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत यदि किसी विधायक या सांसद को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। इसी प्रावधान के तहत यह कार्रवाई की गई है। सदस्यता समाप्ति के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। वे देर रात विधानसभा पहुंचे और पूरी कार्रवाई पर सवाल उठाए।

**प्रदेश में अन्य विधायक भी कानूनी मामलों में घिरे-** राजेंद्र भारती अकेले ऐसे विधायक नहीं हैं, जो कानूनी उलझनों में फंसे हैं। प्रदेश के कई अन्य विधायक भी अलग-अलग मामलों को लेकर अदालतों में चुनौती का सामना कर रहे हैं।

**बीना विधायक निर्मला सप्रे-** बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे दलबदल कानून को लेकर विवाद में हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करने और पार्टी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। मामला फिलहाल हाईकोर्ट में विचाराधीन है और अगली सुनवाई 20 अप्रैल को तय है।

**भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद-** भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद फर्जी सेल डीड मामले में घिरे हैं। हाईकोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के निर्देश को सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल रोक दिया है और मामले की सुनवाई मेरिट के आधार पर करने को कहा है।

### मप्र में कर्मचारियों-पेंशनर्स को बड़ी राहत

# 3% डीए-डीआर बढ़ा मई से बढ़ी सैलरी, एरियर 6 किस्तों में मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता (DA) और महंगाई राहत (DR) में 3% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को सीधा फायदा मिलेगा। आदेश जारी होने के बाद अब बढ़ी हुई राशि जल्द ही खातों में नजर आने लगेगी।**

### अब 58% हुआ महंगाई भत्ता

सरकार के फैसले के बाद कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55% से बढ़कर 58% हो गया है। वहीं पेंशनर्स को भी 58% की दर से महंगाई राहत (DR) दी जाएगी। पेंशनर्स के लिए यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी, जिससे उन्हें भी अतिरिक्त लाभ मिलेगा।



### मई में दिखेगा बढ़ोतरी का असर

कर्मचारियों और पेंशनर्स को बढ़ी हुई राशि अप्रैल के वेतन के साथ मई महीने में मिलेगी। यानी अगली सैलरी में ही इसका सीधा असर देखने को मिलेगा, जिससे कर्मचारियों की आय में तत्काल बढ़ोतरी होगी। सरकार ने एरियर को लेकर भी स्पष्ट किया है कि जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक का बकाया एक साथ नहीं दिया जाएगा। इसे 6 समान किस्तों में बांटा गया है, जो मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में क्रमशः दी जाएंगी।

### इतनी बढ़ेगी सैलरी और एरियर

इस बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों की मासिक सैलरी में लगभग 465 रुपए से 4,230 रुपए तक की वृद्धि होगी। वहीं एरियर के रूप में कर्मचारियों और पेंशनर्स को करीब 4,185 रुपए से 38,070 रुपए तक की अतिरिक्त राशि मिलने का अनुमान है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी।

### सरकार पर बढ़ेगा हजारों करोड़ का भार

प्रदेश में कुल लगभग 12 लाख लाभार्थी हैं, जिनमें 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और 4.50 लाख पेंशनर्स शामिल हैं। इस फैसले के लागू होने से राज्य सरकार पर करीब 2,450 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने राहत देने का निर्णय लिया है।

# हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर बाबा रणजीत को भव्य केसरिया महल में विराजित किया गया है जहां वे अपने भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर को केसरिया पर्दों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है जिससे पूरा वातावरण केसरिया रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है।**





मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने जानकारी दी कि इस वर्ष जन्मोत्सव पर मंदिर को केसरिया महल की थीम पर तैयार किया गया है। उत्सव की शुरुआत रात 10 बजे बाबा के महाभिषेक के साथ हुई जिसके पश्चात श्रृंगार की प्रक्रिया शुरू हुई जो तड़के 3 बजे तक चली। सुबह 6 बजे जन्मोत्सव की विशेष आरती संपन्न हुई जिसके बाद आम भक्तों के लिए पट खोल दिए गए। मंदिर में भव्य फूल बंगला भी सजाया गया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में करीब 40 कूलर और पानी की फुहार छोड़ने वाले विशेष पंखे लगाए गए हैं। भक्तों के चलने के लिए जमीन पर कारपेट बिछाया गया है और धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था की गई है। दर्शन के लिए जिग-जैग पैटर्न बनाया गया है ताकि भीड़ नियंत्रित रहे। मंदिर में चल रहे रणजीत लोक के निर्माण कार्य के कारण भक्तों का प्रवेश बड़ी पार्किंग की ओर से रखा गया है।

श्रद्धालुओं के लिए तीन स्थानों पर शीतल जल और एक स्थान पर शरबत की व्यवस्था की गई है। दर्शन के पश्चात बाहर निकलते समय भक्तों को फ्रूट सलाद, लस्सी और छाछ का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। आगामी 7 अप्रैल को मंदिर परिसर में 70 हजार भक्तों के लिए एक विशाल चलित भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। पूरे दिन मंदिर परिसर में भजन गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।

हनुमान जन्मोत्सव का उत्साह इंदौर के पितृ पर्वत पर भी देखते ही बन रहा है। मंदिर समिति के महेश दलोदरा के अनुसार गुरुवार सुबह 5 बजे मंत्रोच्चार के साथ भगवान का अभिषेक और पूजन किया गया। इसके बाद हनुमान जी को पारंपरिक दाल-टिक्कड़ का भोग लगाया गया। शाम 6 बजे महाआरती के साथ भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। यहां लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया.

# फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध

## नरवाई जलाते पाये जाने पर होगा 15 हजार रूपये तक का जुर्माना

**● नरवाई प्रबंधन के बारे में जनजागरण के लिए गाँव-गाँव पहुँचेगा रथ**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। नरवाई जलाते पाये जाने पर 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा। नरवाई प्रबंधन के बारे में जनजागरण के लिए गाँव-गाँव तक रथ पहुँचेगा। इस रथ को अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। किसानों को नरवाई प्रबंधन के तौर-तरीके बताये जाए तथा उन्हें जागरूक करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया करायें।

निर्देशानुसार 02 अप्रैल से 16 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि से संबंधित मैदानी अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के पटवारी/पंचायत विभाग के पंचायत सचिव के साथ समन्वय कर कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों से किसानों को अवगत कराया जायेगा तथा फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन की तकनीकी जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

उप संचालक कृषि श्री सी.एल. केवड़ा ने बताया कि वर्तमान में जिले में गेहूं फसल की कटाई का कार्य लगभग प्रारंभ हो चुका है। गेहूं फसल की कटाई के पश्चात सामान्य तौर पर किसान नरवाई में आग लगा देते है, जिससे पर्यावरण में प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी की संरचना भी प्रभावित होती है। जिले में गेहूं की कटाई के बाद बचे हुए फसल अवशेष (नरवाई) जलाना खेती के लिये आत्मघाती कदम है।

अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार द्वारा किसानों से अपील की गई है कि नरवाई न जलाएें, नरवाई जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है। किसान यदि नरवाई जलाते है तो राज्य शासन के नोटिफिकेशन प्रावधान अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना अंतर्गत नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान किया गया है। आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसकों नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उसकों नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 5 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसकों नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड का प्रावधान होगा।

खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के अवशेषों (नरवाई) को जलाने से जमीन में उपस्थित लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु, केंचुए नष्ट हो जाते है, जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम होती है। भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण भूमि की जल धारण क्षमता कम हो जाती है। नरवाई में आग लगाने से आस-पास की खड़ी फसलों में आग लगने से एवं जन/धन हानि की आशंका रहती है। पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। वातावरण के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे धरती गर्म होती है।

नरवाई प्रबंधन के बारे में बताया गया कि स्ट्रॉरीपर (भूसा मशीन) से भूसा बनाया जा सकता है। बेलर मशीन द्वारा बेल बनाकर कागज उद्योग, बायो मॉस, डेयरी में भूसा की पूर्ति की जा सकती है। मल्चर मशीन द्वारा फसल अवशेषों को बारीक काट कर खेत में जैविक खाद के रूप में उपयोग किया जा सकता है। कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम वाले हार्वेस्टर का प्रयोग करें। खेत में कल्टीवेटर, रोटावेटर या डिस्क हेरो आदि कि सहायता से फसल अवशेषों को भूमि में मिलाने से आने वाली फसलों में जीवांश खाद की बचत की जा सकती है। पशुओं के लिए भूसा और खेत के लिए बहुमूल्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ने के साथ मिट्टी की संरचना को बिगड़ने से बचाया जा सकता है। नरवाई में आग लगाने पर पुलिस द्वारा प्रकरण भी कायम किया जा सकता है।

जिला प्रशासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग संयुक्त रूप से जिले के किसानों से आग्रह किया है कि फसल कटाई के पश्चात फसल अवशेष (नरवाई) में आग नहीं लगाये, नरवाई का उचित प्रबंधन कर भूमि, वातावरण को नुकसान न पहुंचाते हुए पशुओं के लिये भूसा, जैविक खाद तैयार करें, जिससे फसल उत्पादन के अतिरिक्त भी आय प्राप्त की जा सकती है।

# शव-वाहन की नि:शुल्क सुविधा हेतु टोल-फ्री नम्बर 155-334 जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में शव वाहन की नि:शुल्क सुविधा प्रारंभ की गई है। यह सुविधा सभी शासकीय अस्पतालों में रोगी/दुर्घटना पीड़ितों की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक को सम्मानपूर्वक अपने परिजनों को सुपुर्द कर नि:शुल्क उनके निवास स्थल तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ हुई है।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा नि:शुल्क शव-वाहनों की व्यवस्था की गई है, इस हेतु टोल-फ्री नम्बर 155-334 जारी किया गया है। जिस पर कॉल कर के वाहन बुलवाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि इस नि:शुल्क शासकीय शव-वाहन का उपयोग किसी भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या अन्य शासकीय अस्पताल से शव को जिले की सीमा में निवास स्थल /मुक्तिधाम/ कब्रिस्तान तक पहुँचाने के लिए किया जा सकता है।

# सरकारी कामकाज में AI क्रांति: ई-दक्ष केंद्र इंदौर बना 'स्मार्ट' ऑफिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ई-दक्ष केंद्र (क्षेत्रीय क्षमता संवर्धन केंद्र) ऐसा कार्यालय बन गया है जिसने अपने दैनिक कामकाज और प्रशिक्षण पद्धतियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है। यह केंद्र आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकारी कार्यप्रणाली को एक नई दिशा दे रहा है।**



डाटा विश्लेषण से लेकर ईमेल ड्राफ्टिंग, डॉक्यूमेंट जनरेशन और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने तक, यहाँ हर कार्य एआई की मदद से सटीकता के साथ किया जा रहा है। स्प्रेडशीट ऑटोमेशन और जटिल प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने में अब घंटों के बजाय कुछ ही मिनट लगते हैं। इतना ही नहीं, प्रशिक्षण सामग्री, असाइनमेंट तैयार करने और परीक्षाओं के संचालन में भी एआई का प्रभावी उपयोग हो रहा है।

इस क्रांतिकारी बदलाव के लिए केंद्र NotebookLM, Google Gemini, Copilot और ChatGPT जैसे उन्नत टूल्स का उपयोग कर रहा है। ई-दक्ष केंद्र का यह नवाचार न केवल उत्पादकता बढ़ा रहा है, बल्कि अन्य कार्यालयों के लिए डिजिटल परिवर्तन का एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश कर रहा है।

## गर्मी के मौसम में पशुओं से कार्य लेने पर प्रतिबंध, आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग इंदौर द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गर्मी के दौरान पशुओं के उपयोग पर दोपहर के समय प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अनुसार एक अप्रैल 2026 से 10 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच, जब तापमान अधिक रहता है, उस अवधि में भार वाहक पशुओं से किसी भी प्रकार का कार्य लेना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान बैलगाड़ी, तांगा, ऊंटगाड़ी, भैंसागाड़ी, खच्चर, टट्टू एवं गधों पर वजन ढोने या सवारी कराने से पशुओं के बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पशु मालिकों से अपील की गई है कि वे इस अवधि में पशुओं को कार्य में न लगाएं। निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित पशु मालिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान भी रखा गया है। साथ ही, पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे पशुओं को छायादार स्थान पर विश्राम दें और पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराएं। पशुपालन विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं पशुओं के साथ क्रूरता या नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जा सकती है।

## शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में सहायक प्राध्यापक पदों के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में सहायक प्राध्यापकों और खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विषयों के इंटरव्यू हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिदिन 100 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये एवं योग्य एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिये गये प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान का प्रशिक्षण एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा संबंधित सभी विषयों के साक्षात्कार से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

## शंख, ध्वनि के साथ हुई महाआरती हवन के बाद महाप्रसादी का वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। महंत मंगलदास महाराज खाकी द्वारा शंख, ध्वनि के साथ महाआरती की गई। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि दोपहर को सुंदर कांड की चौपाइयों के साथ हवन हुआ, जिसमे भक्तो ने भी आहुति दी। शाम को महाप्रसादी वितरित की गई।

# राउ थाने में विहिप का हंगामा कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री राम दांगी के साथ धक्का-मुक्की करने पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने राउ थाने में जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और धक्का-मुक्की करने वाले प्रधान आरक्षक पर दो दिन में कार्रवाई न होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे कार्यकर्ता थाने में जमे रहे।

घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। दरअसल, प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी परिषद के एक कार्यकर्ता के भाई को पकड़कर थाने लाए थे। आरोप है कि वह मादक पदार्थ बेचने वाले एक व्यक्ति के घर के पास मिला है। वह मादक पदार्थ खरीदने के लिए गया था। यह बात जब हिरासत में लिए गए युवक के भाई को पता चली, तो वह अपनी मां के साथ थाने पहुंच गया। प्रधान आरक्षक ने उन्हें भी थाने में बैठा लिया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि घटना की जानकारी जब जिला सहमंत्री राम दांगी को लगी, तो वे थाने पहुंचे। बात करने की



कोशिश की, तो प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी ने अपशब्द कहते हुए धक्का-मुक्की की। इसके बाद कार्यकर्ता भड़क गए और नारेबाजी शुरू कर दी। टीआई राजपाल सिंह राठौर ने आवेदन लेकर युवक को छोड़ने की बात कही, वहीं उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और हंगामा करते रहे। उनका कहना था कि अजय ठाकुर नाम का व्यक्ति गांजा और अवैध मादक पदार्थ बेचता है। थाने के जवान यहां आते जाते हैं। कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया कि जिला सहमंत्री से बदसलूकी करने वाले पुलिस कर्मी पर दो दिनों में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो थाने का घेराव कर चक्काजाम किया जाएगा। थाने में हंगामे का पता चलते ही एसीपी निधी सक्सेना थाने पहुंचीं और मामला संभाला। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। विहिप के जिला सहमंत्री राम दांगी ने बताया कि प्रधान आरक्षक और उनके साथ एक अन्य पुलिसकर्मी ने महिला कार्यकर्ता से अपशब्द कहे। उन्हें धक्का भी दिया। जब इसकी जानकारी लगी, तो वह मौके पर पहुंचे। यहां उनसे भी पवन ने धक्का मुक्की की।

# खाना लेकर दोस्त के घर बुलाया और बनाए संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को खाना देने के बहाने अपने दोस्त के कमरे पर बुलाया और वहां उसके साथ जबरन संबंध बनाए। घटना के बाद आरोपी ने युवती पर शादी का दबाव भी बनाया। युवती ने बुधवार को भंवरकुआं थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की।**

पुलिस के अनुसार पीड़िता द्वारकापुरी क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी पहचान बड़वानी जिले के ठीकरी निवासी विशाल उर्फ सोनू ठाकुर से उसकी सहेली की सगाई के दौरान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जिसके बाद आरोपी ने रंगपंचमी के दिन युवती को कॉल कर अपने दोस्त के कमरे पर खाना लेकर आने के लिए कहा। जब युवती वहां पहुंची, तो आरोपी ने उससे अपने प्रेम का इजहार किया और शादी की बात कहकर उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत जारी रही। कुछ समय बाद आरोपी ने युवती को बताया कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है, लेकिन वह अपनी पत्नी को छोड़कर उससे शादी करना चाहता है।

यह सच्चाई सामने आने पर युवती ने शादी से इंकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। परेशान होकर युवती ने अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी और बुधवार को भंवरकुआं थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी विशाल उर्फ सोनू ठाकुर के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाबालिग का हाथ पकड़ा, गोद में उठाया

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में 14 साल की नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने रास्ते में रोका और नाबालिग के साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस के मुताबिक भाग्या में रहने वाली लड़की की शिकायत पर गोलू अहिरवार के खिलाफ छेड़छाड़ सहित पॉक्सो एक्ट में एफआईआर की गई है। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने उसे घर खाना बनाने भेजा था। तभी पड़ोस में रहने वाले गोलू ने रास्ते में रोका और हाथ पकड़कर गोद में उठा लिया। पीड़िता चिल्लाई थी उसे थप्पड़ मारे। वहीं उसका मुंह दबा दिया और धमकी दी कि चिल्लाई तो जान से खत्म कर देगा। नाबालिग ने आरोपी के चंगुल से खुद को बचाया। बाद में भागकर पिता को जानकारी दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# किन्नर गुरु सपना को हाईकोर्ट से राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामले में किन्नर गुरु सपना को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर दी। सपना गुरु के खिलाफ 29 जनवरी को एक मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि 12 जून 2024 को अपने साथियों के साथ मिलकर किन्नरों के समूह से लाखों रुपए, करीब 10 किलो चांदी और सोने के जेवर लूटे गए। इस दौरान दो किन्नरों के साथ मारपीट कर उनके हाथ-पैर तोड़ने का भी आरोप लगाया गया। मामला दर्ज होने से पहले 24 जनवरी को सपना गुरु ने पुलिस आयुक्त संतोष सिंह से शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ साजिश के तहत झूठे प्रकरण दर्ज कराए जा सकते हैं और किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

# सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पहुंचा आसाराम बापू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दुष्कर्म का आरोपी आसाराम बापू गुरुवार को इंदौर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में पहुंचा। उसके साथ कुछ अनुनायी थे। सुबह करीब 10 बजे सबसे पहले बापू के खास 10-15 अनुयायी हॉस्पिटल के साइड वाले गेट के रास्ते से अंदर पहुंचे।**

अंदर जाकर डॉक्टरों और संबंधितों से बात कर जल्द ही आसाराम के हॉस्पिटल में पहुंचने की सूचना दी। इसके बाद वहां गहमा-गहमी काफी बढ़ गई और आसाराम को अंदर ले जाने के इंतजाम शुरू हो गए। दरअसल गुरुवार को आसाराम के आने की भनक किसी को नहीं थी। पिछली बार जब वह मुख्य गेट से आया



था तो वहां काफी गहमागहमी बढ़ गई थी। इसके चलते इस बार उसकी एंट्री अलग साइड वाले गेट के रास्ते की थी। यहां उसके अनुयायियों और संबंधित स्टाफ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी के चलते बापू को तकलीफ होने की सूचना है। एक घंटे बाद करीब 11 बजे कार उसी साइड वाले गेट पर आकर रुकी। इसमें से पहले अनुयायी उतरे और आसाराम को उतारा। सफेद धोती-पाजामा पहले आसाराम को व्हील चेयर दी गई तो वह नहीं बैठा और रैलिंग के सहारे धीरे-धीरे गेट तक पहुंचा। फिर उसे अनुयायी अंदर ले गए। हॉस्पिटल में उसका चेकअप कराने के साथ कुछ जांचें भी हुईं। इस दौरान बाहरी किसी भी व्यक्ति की एंट्री नहीं थी। सभी गेट पर सिक्युरिटी गार्ड तैनात थे और हर एक्टिविटी पर नजर रख रहे थे। इस दौरान यूनिट में डॉक्टरों और इमरजेंसी स्टाफ के अलावा किसी की भी एंट्री नहीं था। नजदीकी सूत्रों के मुताबिक बापू को गुरुवार को इंदौर में ही है। उधर, खंडवा रोड इंदौर स्थित आसाराम बापू आश्रम में आज श्री रामा भाईजी और साध्वी ज्योत्सना बहन द्वारा गीता भागवत सत्संग और पूनम दर्शन कार्यक्रम है। सूचना है कि आसाराम आश्रम भी जा सकता है।

# मौत के मुंह से निकलकर बनी नेशनल चैंपियन इंदौर की गुनिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बेंगलुरु में आयोजित चौथी राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में इंदौर की गुनिका शर्मा ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इस गौरवशाली उपलब्धि के साथ ही अब वे आगामी एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। गुनिका की यह जीत उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत और खेल के प्रति उनके अटूट समर्पण का परिणाम है।



गुनिका की सफलता की कहानी केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन के कड़े संघर्षों की भी गवाह है। मात्र तीन वर्ष की आयु में वे मेड्युलोब्लास्टोमा नामक ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारी की चपेट में आ गई थीं। वर्ष 2009 का वह समय उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण था जब उनके बचने की संभावना बहुत ही कम बताई जा रही थी। हालांकि अपनी मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने न केवल उस बीमारी को मात दी बल्कि 55 प्रतिशत शारीरिक अक्षमता और पूर्ण हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी जैसी बाधाओं के बावजूद खुद को एक बेहतरीन एथलीट के रूप में स्थापित किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पी-35 (पूमसे) इवेंट में गुनिका ने अपनी तकनीक, शरीर के संतुलन और एकाग्रता का जो नमूना पेश किया उसने वहां मौजूद निर्णायकों को अचंभित कर दिया। द मिलेनियम स्कूल इंदौर की पूर्व छात्रा रहीं गुनिका ने अपनी रीढ़ की हड्डी की विकृति को अपनी प्रगति के आड़े नहीं आने दिया। उन्होंने मैट पर जिस सटीकता के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं, उससे यह स्पष्ट हो गया कि उनकी दृढ़ता ने कैंसर जैसी बीमारी को हराने के बाद अब खेल के मैदान में भी जीत का परचम लहरा दिया है। यह जीत उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। इस प्रतियोगिता में इंदौर की एक अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सपना शर्मा ने भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। सपना ने पी-50 व्हीलचेयर (पूमसे) वर्ग में लगातार चौथी बार स्वर्ण पदक जीतकर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपनी सफलता से यह साबित कर दिया है कि यदि हौसला बुलंद हो तो कोई भी शारीरिक बाधा लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं बन सकती।

# आंगनवाड़ी में भर्ती का झांसा देकर 69 हजार ऐंठे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला को आंगनवाड़ी में शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 69 हजार रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक पीड़िता प्रियंका कदम की शिकायत पर लसूड़िया निवासी बंटी खाटवा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। प्रियंका ने बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी, तभी कुछ माह पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोपी ने कहा कि उसके परिचित के माध्यम से एक महीने में नौकरी लगवा देगा और इसके एवज में 25 हजार रुपए ले लिए। आरोपी ने कहा कि अन्य व्यक्ति को भुगतान करना है और 44 हजार रुपए और ले लिए। कुल 69 हजार रुपए लेने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। परिवार के लोग लगातार संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब उसकी तलाश की जा रही है।

## डॉ. यादव ने छोला क्षेत्र में खेड़ापति हनुमान जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के छोला क्षेत्र में जन आस्था के केंद्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का खेल और सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया और गदा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

## स्टेट हैंगर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में किया नमन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर स्टेट हैंगर भोपाल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान मंदिर परिसर में उपस्थित अन्य श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई दी।

## कॉपी पर 50% और किताबों पर 5 फीसदी छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत के दूसरे दिन गुरुवार से नर्मदापुरम में जिला स्तरीय पुस्तक शुरू हुआ। तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ एसएनजी स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने फीता काटकर किया। पुस्तक मेले में चार केवल कॉपियां और चार कॉपी, पुस्तक की दुकानें लगी है। इसके अलावा तीन स्कूल ड्रेस और बैग की दुकानें भी मेले में लगी हैं। मेले में अभिभावक और विद्यार्थियों को कॉपी पर 40 से 50 प्रतिशत और बुक पर 5 फीसदी की छूट मिल रही है। बुक और कॉपियों पर डिस्काउंट मिलने से कई अभिभावक खुश है। कुछ का कहना है कि 5 फीसदी छूट तो दुकान से ऐसे ही मिल जाती है। 10-15 फीसदी तक डिस्काउंट देना चाहिए।

## भाजपा विधायक पर दर्ज होगा केस

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जस्टिस से संपर्क मामले में गुरुवार को विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा कि आपके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में आरोप था कि विधायक संजय पाठक ने जस्टिस विशाल मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता था। याचिकाकर्ता के एडवोकेट अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि जस्टिस विशाल मिश्रा ने मामले की ऑर्डर शीट में एक बातचीत की रिकॉर्डिंग शामिल की थी। कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है। अब संजय पाठक के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही चलेगी।

### भारतीय ज्ञान परंपरा और माडर्न स्पेस टेक्नोलॉजी के समन्वय पर होगा वैश्विक मंथन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का तारामंडल परिसर में शुभारंभ करेंगे। साथ ही उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे। सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला डिजिटल प्लेनेटेरियम परिसर में आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और विचारक लेखक श्री सुरेश सोनी भी शामिल होंगे।**

बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की पावन नगरी उज्जैन प्राचीन काल से ही काल गणना और खगोल विज्ञान के अनुसंधान की वैश्विक धुरी रही है। एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और शोधकर्ता यहां बौद्धिक समागम के लिये एकत्रित हो रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह



सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को शोध और विचार प्रस्तुत करने का साझा मंच उपलब्ध कराएगा। उज्जैन में 15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नव-निर्मित साइंस सेंटर में गैलरी ऑन साइंस, आउटडोर साइंस पार्क, इनोवेशन एवं स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल, हेरिटेज थीम आधारित गैलरी और एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहन मिलेगा। सम्मेलन में यूएवी (मानवरहित विमान), आरसी (रिमोट कंट्रोल) तकनीक और सैटेलाइट निर्माण जैसे विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही सूर्य के सन स्पॉट का सुरक्षित अवलोकन, टेलीस्कोप से रात्रि आकाश का अध्ययन, विद्यार्थी-शिक्षक संवाद तथा अंतरिक्ष तकनीक आधारित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित होंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं में तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। सम्मेलन म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सह-आयोजक संस्थाओं में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, वीर भारत न्यास और दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान शामिल हैं। सम्मेलन में इसरो, सीएसआईआर, डीआरडीओ, नीति आयोग सहित देश-विदेश के प्रमुख वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। उज्जैन में आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को भी नई गति देगा। साथ ही आधुनिक साइंस सेंटर और प्रस्तावित साइंस सिटी के माध्यम से युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। सम्मेलन के समापन दिवस 5 अप्रैल को प्राप्त सुझावों के आधार पर भविष्य की कार्य योजना पर भी चर्चा की जाएगी।

# आंधी से उड़ा 'पंचायत' वेब सीरीज का सेट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मौसम ने गुरुवार शाम को अचानक करवट ली। भोपाल में बादल छा गए, सागर में बारिश हुई। धार के कुक्षी में ओले गिरे। सीहोर में पंचायत वेब सीरीज की शूटिंग रोकनी पड़ी। मऊगंज में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को 9 जिलों में ओले गिरने और 33 जिलों में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी है, उनमें अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी शामिल हैं। यहां ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है।

## प्रेमी की हत्या, प्रेमिका ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले के कोलारस में प्रेमी की हत्या के दो दिन बाद आज (गुरुवार) दोपहर दो बजे प्रेमिका ने भी फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि वह अपने प्रेमी की मौत से दुखी थी। जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे कोलारस थाना क्षेत्र में हुई। 20 वर्षीय वर्षा कुशवाह ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के समय घर में वर्षा के साथ उसकी चचेरी बहन घर पर थी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे वर्षा ने अपनी बहन को खाना लाने के लिए रसोई में भेजा। इसी दौरान उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब बहन खाना लेकर लौटी, तो वर्षा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही एसडीओपी संजय मिश्रा और थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की आगे की जांच की जा रही है।

## शादी के जोड़े में फांसी पर लटके मिले पति-पत्नी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर में पति-पत्नी के शव फांसी के फंदे पर लटके मिले। दोनों शादी का जोड़ा पहने हुए थे। पोस्टमॉर्टम के दौरान पता चला कि पत्नी डेढ़ महीने की प्रेग्नेंट थी। मौके से कोई सुसाइड नहीं मिला है, लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। घटना रहली थाना क्षेत्र के चांदपुर के मुठिया टोला की है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शवों को रहली स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय राजेंद्र उर्फ गोलू (पिता गणेश पटेल) और 21 वर्षीय काजल पटेल के रूप में हुई है। बुधवार देर रात परिजनों ने शव लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। परिजनों ने बताया कि राजेंद्र और काजल ने करीब 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों हंसी-खुशी से रहते थे। राजेंद्र की मां का निधन हो चुका है।

### पति के खाने में मिलाए धतूरे के बीज

# बेहोश हुआ तो मुंह में कपड़ा ठूंसकर कैंची से किए कई वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** शामगढ़ थाने के ग्राम बिस्निया में चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद के बाद पत्नी ने पति को खाने में जहर देकर जान से मारने की कोशिश की। पति की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया तब भी पत्नी का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने बेहोश पति पर कैंची से हमला कर दिया। स्वजन और आस-पास के लोग जानकारी लगते ही घायल को अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कोटा रेफर कर दिया है। शामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में आरोपित पत्नी को मायके पगारिया से गिरफ्तार कर लिया है। शामगढ़ पुलिस ने बताया कि सूरतसिंह पुत्र तोफानसिंह सौंधिया राजपूत निवासी बिस्निया की शादी तीन साल पहले झालावाड़ जिले के ग्राम पगारिया निवासी मनीषा से हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद से दोनों के बीच घरेलू विवाद होने लगे तो एक साल से मनीषा मायके में ही रह रही थी। वह सूरत के साथ नहीं रहना चाहती थी, सूरत उसके चरित्र पर शंका करता था इसको लेकर दोनों के बीच विवाद होते रहते थे। मनीषा अभी भी अपने मायके में ही रह रही थी। 30 मार्च को सूरतसिंह और उसके पिता तौफानसिंह पगारिया जाकर मनीषा को अपने साथ लेकर आए थे।

## संपादकीय

### सैन्य टकराव नहीं, कूटनीति से ही निकलेगा समाधान

ईरान संकट को लेकर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को ब्रिटेन द्वारा आयोजित एक बैठक में भाग लिया, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा के प्रयासों पर चर्चा हुई। बैठक में 60 से अधिक देशों ने भाग लिया और महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग से आवागमन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए सैन्य उपायों के बजाय राजनयिक और राजनीतिक उपायों पर चर्चा की। बैठक में विक्रम मिस्री ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से निर्बाध आवागमन और आवागमन की स्वतंत्रता के सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर संकट के प्रभाव और इस तथ्य पर भी बल दिया कि खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों में नाविकों को खोने वाला भारत एकमात्र देश है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि संकट से निकलने का एकमात्र रास्ता तनाव कम करना और सभी संबंधित पक्षों के बीच कूटनीति और संवाद के मार्ग पर लौटना है। बता दें कि ब्रिटेन में हुई यह बैठक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान के बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा था कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला रखने की जिम्मेदारी उन एशियाई और यूरोपीय देशों को उठानी चाहिए। बताया गया है कि वाशिंगटन ने ब्रिटिश विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में हुई आभासी बैठक में भाग नहीं लिया।

## महिला जगत

# डॉ. लतिका नाथ कौन हैं? जानिए 'टाइगर प्रिंसेस' के नाम से क्यों मशहूर है ये महिला




भारत में वन्यजीव संरक्षण की बात हो और डॉ. लतिका नाथ का नाम न आए, ऐसा संभव नहीं है। दिल्ली-आधारित संरक्षण विशेषज्ञ और वन्यजीव फोटोग्राफर डॉ. लतिका नाथ को 'टाइगर प्रिंसेस' के नाम से जाना जाता है। वे भारत की पहली महिला हैं जिन्होंने टाइगर कंजर्वेशन (बाघ संरक्षण) में पीएच.डी. हासिल की। डॉ. लतिका नाथ केवल एक वैज्ञानिक नहीं, बल्कि प्रकृति की सच्ची संरक्षक हैं। उन्होंने यह साबित किया कि जुनून, समर्पण और साहस के साथ कोई भी व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण में बड़ा बदलाव ला सकता है। उनकी कहानी हमें यह सिखाती है कि जंगल और वन्यजीव केवल देखने की चीज नहीं, बल्कि हमारी साझा विरासत हैं।

### भारत की पहली महिला जिनकी टाइगर कंजर्वेशन में Ph.D.

डॉ. लतिका नाथ ने बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास पर गहन शोध किया। वे टाइगर कंजर्वेशन में पीएचडी करने वाली पहली महिला हैं। उनका काम केवल अकादमिक शोध तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने जंगलों में रहकर बाघों के व्यवहार, उनके संघर्ष और मानव-वन्यजीव संबंधों को गहराई से समझा।

### क्यों कहा जाता है 'Tiger Princess'?

डॉ. लतिका नाथ को भारत की 'टाइगर प्रिंसेस' कहा जाता है। उनकी बाघों के प्रति गहरी लगन और समर्पण पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी बनी थी, जिसे नेशनल ज्योग्राफिक ने प्रस्तुत किया। इस डॉक्यूमेंट्री में उन्होंने बाघों की शानदार भव्यता और उनकी जंगली आज़ादी के प्रति अपने प्रेम को साझा किया। वे कहती हैं:

**"कुछ इतना खूबसूरत, इतना अनछुआ और जंगली रूप में प्रकृति में मौजूद हो— यही रोमांच मुझे बाघों से प्यार करने पर मजबूर करता है।"**

### जंगलों से महासागरों और ध्रुवीय क्षेत्रों तक का सफर

डॉ. लतिका नाथ केवल बाघों तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने जंगलों, महासागरों और ध्रुवीय क्षेत्रों की यात्राएं कीं, ताकि यह समझ सकें कि पृथ्वी पर जीवन एक-दूसरे से कैसे जुड़ा हुआ है। उनके अनुसार, हर प्रजाति, हर आवास और हर इंसान एक अदृश्य धागे से बंधा है। यही सोच उनकी संरक्षण की फिलोसफी को खास बनाती है।

### वन्यजीव फोटोग्राफर और स्टोरीटेलर

डॉ. लतिका नाथ खुद को "स्टोरीटेलर ऑफ द वाइल्ड" कहती हैं। वे अपनी फोटोग्राफी और लेखन के जरिए लोगों को यह समझाने की कोशिश करती हैं कि प्रकृति की रक्षा क्यों जरूरी है। उनकी तस्वीरें केवल जानवरों की सुंदरता नहीं दिखातीं, बल्कि उनके अस्तित्व के संघर्ष को भी सामने लाती हैं।

# कौन हैं शीतल देवी? जानिए आर्चरी चैंपियन की प्रेरक कहानी

जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ के एक छोटे से गांव से निकलकर, बिना हाथों के जन्मी एक बेटी ने दुनिया को दिखा दिया कि हौसले शरीर से नहीं, मन से होते हैं। यह कहानी है भारत की पैरा-आर्चरी स्टार शीतल देवी की जिन्हें वुमेन आफ एक्सेलेंस के मंच पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस संघर्ष और उपलब्धि की पहचान है जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया है।

### बचपन से संघर्ष, लेकिन सपनों से समझौता नहीं

शीतल देवी का जन्म बिना दोनों हाथों के हुआ। साधारण परिवार, सीमित संसाधन और पहाड़ी क्षेत्र की चुनौतियां, ये सब उनके रास्ते में थीं। लेकिन परिवार के सहयोग और कोचिंग की सही दिशा ने उनकी जिंदगी बदल दी। खेलों में रुचि ने उन्हें आर्चरी तक पहुंचाया। जहां तीरंदाजी आमतौर पर हाथों से की जाती है, वहीं शीतल ने अपने पैरों और कंधे की मदद से तीर चलाने की तकनीक विकसित की।



### कैसे चलाती हैं तीर?

शीतल देवी विशेष तकनीक से पैरों से धनुष पकड़ती हैं। कंधे और जबड़े की मदद से डोरी खींचती हैं। संतुलन और फोकस से सटीक निशाना साधती हैं। उनकी यह तकनीक न सिर्फ अनोखी है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय भी बनी।

### एशियन पैरा गेम्स में ऐतिहासिक प्रदर्शन

शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि उन्हें देश की सबसे चर्चित पैरा-एथलीट्स में शामिल करती है।

### Women Of Excellence Award क्यों खास है?

वोग इंडिया द्वारा आयोजित वुमेन आफ एक्सेलेंस का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने क्षेत्र में बदलाव की मिसाल पेश की है चाहे वह खेल हो, कला, उद्यमिता या सामाजिक प्रभाव। इस प्रतिष्ठित मंच पर शीतल देवी को मिला सम्मान इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने सिर्फ मेडल नहीं जीते, बल्कि मानसिक सीमाओं को भी तोड़ा है।

### शीतल देवी की उपलब्धियां

एशियन पैरा गेम्स में गोल्ड
अंतरराष्ट्रीय पैरा-आर्चरी प्रतियोगिताओं में पदक
भारत की सबसे युवा पैरा-आर्चरी सितारों में शामिल
राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान

### क्यों प्रेरणादायक हैं शीतल देवी?

शारीरिक चुनौती के बावजूद आत्मविश्वास
कठिन परिस्थितियों में अभ्यास
मानसिक मजबूती और अनुशासन
युवाओं, खासकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए रोल मॉडल

शीतल देवी सिर्फ निशाना नहीं साधतीं। वे उम्मीद, साहस और सपनों को दिशा देती हैं।

New Delhi

# ईरान युद्ध के बीच फिर दिखी भारत-रूस की जुगलबंदी, तेल खरीद में बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली , (एजेंसी) मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस का रुख किया है। फरवरी की तुलना में रूसी कच्चे तेल के आयात में 90% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।**

ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल का युद्ध जारी है। इसका असर भारत सहित दुनिया के कई देशों में पर दिख रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की आवाजाही अवरुद्ध होने के कारण कई देशों में तेल संकट गहरा गया है। भारत भी एलपीजी सप्लाई की कमी से परेशान है। इस बीच भारत के लिए राहत की बात यह है कि उसने



अपने सबसे पुराने और भरोसेमंद मित्र देश रूस के साथ तेल की खरीद में भारी बढ़ोतरी कर दी है।

मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस का रुख किया है। फरवरी की तुलना में रूसी कच्चे तेल के आयात में 90% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह वृद्धि तब देखी गई है जब होर्मुज संकट के कारण मध्य पूर्व से भारत का कुल आयात लगभग 15% गिर गया है।

आपको बता दें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख केंद्र है, जिसकी नाकेबंदी ने भारत की रसोई गैस (LPG) और प्राकृतिक गैस (LNG) की कमर तोड़ दी है। मार्च में भारत के एलपीजी आयात में 40% की कमी आई।

Bihar

# दोस्त संग सेक्स से मना करने पर प्रेमिका की हत्या, जानें हैवान प्रेमी कबूलनामा, खेत में मिली थी लाश

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) बिहार के मुजफ्फरपुर में हैवान युवक ने दोस्त की हवस मिटाने के लिए प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। खुद रेप करने के बाद इंटर की छात्रा को दोस्त के साथ सेक्स करने का दबाव बना रहा था। जब प्रेमिका ने सबको बता देने की धमकी दी तो दुपट्टे के फंदे से गला घोंट दिया। सकरा थाना पुलिस ने प्रेमी सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मोबाइल दिलाने के बहाने उसने प्रेमिका को घर से बुलाया था।**

सकरा थाना इलाके के बेझा चवर में उसकी अर्धनग्न लाश बरामद की गयी थी। गिरफ्तार आरोपितों में प्रेमी मछही निवासी सुधीर साह का पुत्र किशन कुमार उर्फ कृष्ण और सरमस्तपुर निवासी पिंकू कुमार उर्फ पिंटू कुमार शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवकों ने हत्या में संलिप्तता स्वीकार की है। हत्याकांड में प्रयुक्त बाइक, कपड़ा, दो मोबाइल और छात्रा की साइकिल भी बरामद कर ली गई है। बरामद मोबाइल छात्रा के प्रेमी का है। उसी मोबाइल नंबर से कॉल कर प्रेमी ने छात्रा को बुलाया था। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि प्रेमी ने छात्रा को मोबाइल खरीदने की बात कहकर बुलाया था। छात्रा ने प्रेमी से एंड्रॉयड मोबाइल की डिमांड की थी। बेझा बैंक के पास लगे सीसीटीवी में छात्रा दोनों आरोपितों के साथ बाइक से बेझा चौर की तरफ जाते हुई दिखी थी। कई जगह घुमाते हुए दोनों युवक चौर में ले गए, जहां उसके साथ गलत करने की कोशिश की। इसपर प्रेमी के अलावा दूसरे युवक के होने पर विरोध जताया। विवाद बढ़ने पर दोनों आरोपितों ने मिलकर छात्रा के गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर हत्या कर दी।

Rajasthan

# कोटा में एक परिवार के 12 सदस्यों को उम्रकैद

## बकरे के विवाद में युवक की कर दी थी हत्या

**कोटा, (एजेंसी) कोटा की महिला उत्पीड़न कोर्ट एक ने युवक की हत्या करने के मामले में 12 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह हत्या बकरे के विवाद को लेकर हुई थी। दोषियों में सभी एक ही परिवार के हैं। इनमें पति-पत्नी और उसके दो बेटे भी शामिल हैं। इस मामले में कोर्ट ने सजा के साथ 13 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह हत्या**

कोटा की एक अदालत ने हत्या के मामले में ऐसा फैसला सुनाया जो पूरे राजस्थान में चर्चा का विषय बन गया है। बकरे को लेकर हुए विवाद में कोर्ट ने एक ही परिवार के 12 सदस्यों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में 10 पुरुष और 2 महिलाएं है। इनमें पति-पत्नी के साथ उनके दो बेटे भी शामिल हैं। कोर्ट ने सजा के साथ आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है।

Uttarpradesh

## उन्नाव में दर्दनाक सड़क हादसा!

# डंपर ने स्कूटी सवार महिला को कुचला, धड़ से अलग हुआ सिर

**उन्नाव, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. जहां एक डंपर ने स्कूटी सवार महिला को कुचल दिया. जिससे महिला का सिर हेलमेट के साथ धड़ से अलग हो गया. बताया जा रहा है कि महिला भाई और मासूम भतीजी के साथ स्कूटी से दवा लेने जा रही थी, तभी तेज रफ्तार डंपर टक्कर मारते हुए महिला की गर्दन पर चढ़कर निकल गया. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने भाई और मासूम भतीजी के साथ दवा लेने के लिए



स्कूटी पर जा रही थी. अचानक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मारी. हादसा इतना भीषण था कि महिला का सिर हेलमेट के साथ उसके धड़ से अलग हो गया. हालांकि इस हादसे में महिला के भाई और मासूम भतीजे की जान बच गई.

खेल

# ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स का तूफान: केकेआर को 65 रनों से रौंदकर हैदराबाद ने दर्ज की सीजन की पहली जीत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हेनरिक क्लासेन (52), अभिषेक शर्मा (48) और ट्रेविस हेड (46) की तूफानी पारियों के बाद घातक गेंदबाजी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उनके घर में 65 रनों से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज कर ली। गुरुवार को ईडेन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम 16 ओवर में सिर्फ 161 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। वहीं, हैदराबाद की तरफ से जयदेव उनादकट ने तीन विकेट लिए जबकि ईशान मलिंगा और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो सफलताएं मिलीं। इसके अलावा हर्ष दुबे ने एक विकेट अपने नाम किया।



केकेआर 2012 के बाद पहली बार लगातार दो ओपनिंग मैच हारी है। हैदराबाद से पहले उसे मुंबई इंडियंस ने सत्र के शुरुआती मुकाबले में ही हराया था। वहीं, सनराइजर्स की 2020 के बाद कोलकाता के खिलाफ खेले 14 मुकाबलों में सिर्फ चौथी जीत है। वहीं, इडेन गार्डन्स पर खेले 12 आईपीएल मैचों में भी हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

227 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की बल्लेबाजी निराशाजनक रही। फिन एलन ने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ 1.3 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एलन महज सात गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में दो छक्के और चार चौके शामिल रहे।

यहां से अंगकृष रघुवंशी ने कप्तान के साथ दूसरे विकेट के लिए 21 गेंदों में 37 रन की साझेदारी की। रहाणे ने टीम के खाते में 8 रन का योगदान दिया। अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। रिंकू ने 35 रन जुटाए, जबकि अंगकृष ने 29 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों के साथ 52 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। यह रघुवंशी का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई के खिलाफ मैच में भी अर्धशतक लगाया था।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद को ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 5.4 ओवरों में 82 रन जुटाए। ट्रेविस हेड 21 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए, उनकी इस पारी में तीन छक्के और छह चौके शामिल रहे। इनके अलावा, अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में चार छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 48 रन टीम के खाते में जोड़े।

सलामी जोड़ी के टूटने के बाद टीम ने तेजी से विकेट गंवाए। 9.2 ओवरों तक एसआरएच का स्कोर 118/4 था। यहां से हेनरिक क्लासेन ने नितीश रेड्डी के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन जोड़कर टीम का दोहरा शतक पूरा कराया।

सिनेमा

# टीना अंबानी की बड़ी बहन का निधन, इमोशनल पोस्ट में छलका दर्द- वो मेरी दूसरी मां थीं



मुंबई। पूर्व एक्ट्रेस और बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. उन्होंने अपनी बड़ी बहन जर्ना को खो दिया है. बहन को नम आंखों से याद करते हुए टीना ने इंस्टा पर इमोशनल पोस्ट शेयर किया है. इसमें वो अपनी बहन को याद करती हुई दिखीं. उनकी आत्मा को शांति मिलने की दुआ की. टीना ने बहन संग अपनी अनसीन फोटोज को शेयर किया है. वो पोस्ट में लिखती हैं- मेरी सबसे बड़ी बहन जर्ना, जो कि मेरी दूसरी मां थी, उन्होंने बड़े प्यार से मेरा कन्यादान किया था, उन्होंने मुझे मेरे नए परिवार को सौंपा था लेकिन ये भी सुनिश्चित किया कि मैं हमेशा अपने मूल परिवार का अहम हिस्सा बनी रहूं. वो हमारे यूनिवर्स का चमकता चेहरा थीं, जिनका साथ हमेशा प्यार भरा था. वो अपने ग्रेस, एनर्जी, गर्मजोशी से हम सभी बहनों, हमारे बच्चों और हमारे पोते-पोतियों के लिए इंस्पिरेशन बनती थीं. वो सबकी चहेती थीं. ऊं शांति, मेरी जिया. आपने हमारी जिंदगी में खालीपन छोड़ दिया है. पीढ़ियों तक आपका प्यार विरासत रहेगा.

## Highlights


1. **Job loss, family pressure, depression behind B'luru couple's death**
2. **Young girl's roadside art sale moves internet**
3. **CBSE makes 3rd language mandatory till class 10**
4. **Dust storm and strong winds hit Delhi-NCR, rain expected today**
5. **FIR filed against social media influencers for sharing 'defamatory posts' against FSSAI**
6. **Bill to bar non-locals from leasing land introduced in J&K**

# US senators introduce MATCH Act to tighten export of AI chip tools to China

**NEW DELHI, (Agency).** A bipartisan group of US lawmakers has introduced a legislation to cut China's access to specialised tools required to produce AI chips, amid Beijing's calls for "self-reliance" in the technology.

The Multilateral Alignment of Technology Controls on Hardware (MATCH) Act, led by Representative Michael Baumgartner (R-Wash.), seeks to tighten export controls on semiconductor manufacturing equipment. If enacted, the bill would expand the categories of banned machinery and restrict the sale of associated services to China's leading chipmakers.

The legislative push arrives as Beijing accelerates its efforts to build a self-sufficient silicon supply chain. Chinese imports of semiconductor machinery surged from $10.7 billion in 2016 to approximately $51.1 billion last year, according to data from the Silverado Policy Accelerator.



The bill represents the latest escalation in Washington DC's years-long strategy to maintain a technological lead over Beijing. While the US has progressively tightened restrictions on finished AI chips, the MATCH Act shifts the focus to the foundational hardware used to manufacture them.

"The United States cannot afford to leave open back doors that allow the Chinese Communist Party to acquire the tools it needs to leap ahead in semiconductor manufacturing," Baumgartner said in a statement. He emphasised that the goal is to protect "American innovation and security for the long haul".

The success of the initiative depends heavily on international cooperation. The market for cutting-edge SME is dominated by a small cluster of companies based in the US, the Netherlands, and Japan. Consequently, the bill includes provisions to engage these allies in implementing similarly stringent restrictions to ensure the rules carry global force.

# Gemma 4 imbibes Google's sharpest AI instincts, and is more welcoming

**NEW DELHI, (Agency).** Even as Google releases the Gemma 4, its open large language models, there is a short historical significance to it. These models find the same technological and research foundations as the Gemini 3 Pro models, released late last year, and marked a big step forward for proprietary large language models. Gemma 4 brings those improvements for open models, with a focus on advanced reasoning and agentic workflows. It is natively trained on over 140 languages.

Gemma 4, with four being the generation reference in the name, is available in four model sizes as well. There's the Effective 2B (E2B), Effective 4B (E4B), 26B Mixture of Experts (MoE), and 31B Dense. The 26B and 31B models are geared for frontier intelligence, with offline compute on personal systems. The smaller parameter size E2B and E4B models are more geared for smartphones, mobile devices, and internet of things (IoT) ecosystems, as well as edge devices, including the Raspberry Pi, and Nvidia's Jetson. In case you are wondering how Gemma is different from Gemini, the key difference is that Gemma is an AI processing engine, and not a chatbot-esque implementation. While the underlying technology is largely similar, Gemma is an open model that can be downloaded and run locally for free. It also brings much more flexibility to modify, fine-tune, and customise, depending on specific workflows and computing needs. The fact that these models can be run locally and not on the cloud also has the benefits of data privacy and cost, for many applications. The convenience and flexibility extend across personal, commercial, and enterprise usage. Google has worked closely with partners, including Qualcomm, MediaTek, and Nvidia, for these models. The new models are released under the Apache 2.0 licence, which means offering significant freedom for developers, researchers, and commercial entities to use, modify, fine-tune, and redistribute the models with minimal restrictions. Previously, that flexibility was comparatively limited.

एमएससी परीक्षा के दौरान

# लैब में घुसकर किया उत्पात, 4 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** होलकर साइंस कॉलेज में परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हो गया। एमएससी प्रथम वर्ष की सीसीई परीक्षा के बीच कुछ छात्र लैब में घुस आए और तोड़फोड़ कर दी। घटना से कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई और परीक्षा बाधित हो गई। घटना बुधवार की है, लेकिन इसका सीसीटीवी गुरुवार को वायरल हुआ है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 1 बजे लैब क्रमांक-1 में परीक्षा के दौरान आरोपी छात्र अचानक अंदर घुस आए और छात्रों व स्टाफ के सामने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने प्रयोगशाला के उपकरणों में तोड़फोड़ की, जिससे वहां मौजूद छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई। पूरी घटना कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद प्राचार्या की शिकायत पर भंवरकुआ थाना पुलिस ने आरोपी विकेंद्र सिंह, लोकपाल, चमनदीप, अभय गुर्जर सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



## ● 4 छात्र गिरफ्तार

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। चारों को शांति भंग करने के आरोप में धारा 151 के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल अन्य छात्रों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।

विकेंद्र प्रताप सिंह (22) – एमएससी छात्र, अभिषेक (23) – एमएससी छात्र, अनुज दुबे (19) – बीएससी छात्र, देवेश मंसारे (19) – बीएससी छात्र

# घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर चढ़ाई कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 6 साल के बच्चे के ऊपर कार चढ़ाने का वीडियो सामने आया है। उसका पैर फ्रेक्चर हो गया है। मामला बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे शांति निकेतन कॉलोनी में मंगलवार का है।**

हादसे का वीडियो कॉलोनी के ही एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इसमें दिख रहा है कि सड़क पर दो बच्चे खेल रहे हैं। ग्रे कलर की एक कार पीछे से आई, जिसने एक बच्चे को चपेट में ले लिया। कार का अगला पहिया बच्चे के पैरों के ऊपर से गुजरा जबकि पिछला उसके शरीर के ऊपर से। कार निकलने के बाद बच्चा खुद उठने की कोशिश करता नजर आ रहा है। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि कार संजय अग्रवाल के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसे उनका ड्राइवर दीपक (27 साल) पिता प्रहलाद



चौहान, निवासी धीरज नगर चला रहा था। हादसे के बाद संजय खुद बच्चे को लेकर बॉम्बे अस्पताल पहुंचे। अपने ड्राइवर को थाने भेजकर FIR दर्ज कराई। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, घायल बच्चे का नाम आयुष रावत है। उसके पिता अजय पेशे से मजदूर हैं। परिवार शांति निकेतन कॉलोनी में ही रहता है। बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती आयुष की हालत स्थिर बनी हुई है।

# 3 बच्चों की मां ने जहर खाकर जान दी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तीन बच्चों की मां ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना आजाद नगर क्षेत्र की है। बुधवार रात महिला को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका सीमा (26) पत्नी चंद्रभान प्रजापति, निवासी अभिषेक नगर है। बुधवार रात उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया था। पति चंद्रभान ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे घर पहुंचने पर सीमा की तबीयत खराब थी और पूछने पर उसने जहर खाने की बात बताई। पुलिस के अनुसार, सीमा कुछ दिनों से करण नाम के युवक से मोबाइल पर बात और चैटिंग कर रही थी। यह बात पति को पता चलने पर उसने बुधवार को उसे डांटा था। पुलिस का कहना है कि इसी बात से आहत होकर सीमा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की शादी को 8 साल से ज्यादा समय हो चुका है और उनके तीन बच्चे हैं। चंद्रभान मूल रूप से सागर का रहने वाला है और करीब 14 साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था। वह परिवार के साथ अभिषेक नगर में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले में महिला के मोबाइल की जांच की जाएगी। जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक